(Pages : 3) **T – 3355**

Reg. No. : ....

Name : ....

Second Semester B.A./B.Sc. Degree Examination, August 2024

Career Related First Degree Programme under CBCSS

Language Course : Additional Language - Hindi

HN 1211.3 – HINDI PADYA SAHITYA

(2023 Admission)

Time : 3 Hours Max. Marks : 80

I. **एक से दस तक के प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए।**

1. 'पुष्प की अभिलाषा' किसकी कविता है?

2. वात्सल्य रस के सम्राट कवि कौन हैं?

3. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की किस रचना के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला?

4. 'झाडूवाली' कविता में दलित स्त्री के संपाप का प्रतिनिधित्व करनेवाली नारी का नाम क्या है?

5. ओमप्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा का नाम क्या हैं?

6. 'स्त्री मेरे भीतर' किसकी रचना है?

7. मन में गहराई लाने का संदेश कौन देता है?

8. नवीन का असली नाम क्या है?

9. कबीरदासजी की भाषा कौन-सी है?

10. 'प्रकृति का संदेश' कविता का रचनाकार कौन है?

(10 × 1 = 10 Marks)

P.T.O.

II. निम्नलिखित में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर करीब 50 शब्दों में लिखिए।

11. "तेरी भूख असंस्कृति तेरी, यदि न उभाड़ सके क्रोधानल –
    तो फिर समझूँगा कि हो गई सारी दुनिया कायर निर्बल"
    किस कविता की पंक्ति है? अर्थ स्पष्ट कीजिए।

12. पुष्प को किस बात की चाहत नहीं है?

13. 'मछली' कविता की मूल संवेदना क्या है?

14. हिन्दू मुआ राम कहि, मुसलमान खुदाई।
    कहै कबीर सो जीवता, जो दुहुँ के निकटि न जाई।।
    अर्थ स्पष्ट कीजिए।

15. पंतजी ताज के निर्माण से नाखुश क्यों हैं?

16. भरोसा नमक की तरह है। ऐसा क्यों कहा गया है?

17. सूरदासजी का परिचय दीजिए।

18. सुंदर वेश देखकर लोग कैसे धोखे देते हैं?

19. निर्मला पुतुल की कविताओं की विशेषताएँ क्या-क्या हैं?

20. नाव और नदी से हम को क्या सीख लेनी चाहिए?

21. बिहारी के अनुसार सबसे बड़ी संपत्ति क्या है? क्यों?

22. सुमित्रानंदन पंतजी का परिचय दीजिए।

(8 × 2 = 16 Marks)

III. किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर करीब 120 शब्दों में लिखिए।

23. काल करे सो आज कर, आज करे सो अब।
    पल में परलय होएगी, बहुरि करेगा कब।। भावार्थ लिखिए।

24. 'ताज' कविता की मूल संवेदना पर टिप्पणी लिखिए।

25. पठित दोहों के आधार पर बिहारीलाल के दोहों की विशेषताएँ लिखिए।

26. माता यशोदा के वात्सल्य भाव पर टिप्पणी लिखिए।

27. कनक - कनक ते सौ गुनि, मादकता अधिकाय।
या खाये बौराय जग, या पाये बौराय।। भावार्थ लिखिए।

28. 'प्रकृति के संदेश' कविता में प्रकृति के किन-किन तत्वों के उल्लेख हुए हैं?

29. "अनजान पुरुष के पीछे
सदा के लिए स्त्री चल देती है।" सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

30. 'पुष्प की अभिलाषा' कविता का सारांश लिखिए।

31. पठित पदों के आधार पर सूरदासजी की कृष्ण भक्ति व्यक्त कीजिए।

(6 × 4 = 24 Marks)

IV. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर करीब 250 शब्दों में लिखिए।

32. 'जूठे पत्ते' कविता का सारांश लिखकर कविता की समीक्षा कीजिए।

33. 'उतनी दूर मत ब्याहना बाबा' कविता का सारांश लिखकर कविता की समीक्षा कीजिए।

34. पठित दोहों के आधार पर तुलसीदास के दार्शनिक विचार स्पष्ट कीजिए।

35. सफाई कामगारी दलित स्त्री की ज़िन्दगी उपेक्षित एवं चेतना शून्य बन रखी है। 'झाडूवाली' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(2 × 15 = 30 Marks)